प्रेस नोट जनपद बलिया
दिनांक-14.04.2025

थाना बैरिया जनपद बलिया पुलिस द्वारा 01 अदद पिकअप से 229 पेटी 8 PM (फ्रूटी) अंग्रेजी शराब व प्रत्येक पेटी में 48 अदद टेट्रा पाउच में 180 ML कुल 1978.56 ली0 व 69 पेटी (आफ्टर डार्क ब्लू) अंग्रेजी शराब प्रत्येक पेटी में 48 अदद शीशी प्लास्टिक की प्रत्येक शीशी में 180 ML मात्रा 596.16 ली0 (कुल 2574.72 लीटर) अवैध शराब बरामद।

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक बलिया महोदय श्री ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक बलिया (दक्षिणी) श्री कृपा शंकर के निकट पर्यवेक्षण व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी बैरिया श्री मो0 फहीम कुरैशी एवं प्रभारी निरीक्षक बैरिया श्री राकेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बैरिया पुलिस टीम को मिली सफलता।

उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 14.04.2025 को थाना बैरिया पुलिस टीम के उ0नि0 श्री परमात्मा मिश्र मय हमराह के साथ अपराध व अपराधियों पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही, अवैध शराब की तस्करी की रोकथाम हेतु क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर टोला बाजराय मोड़ ईंट भट्ठा के पास से 01 अदद पिकअप रजि0 न0 BR 11 GA 4121 को कब्जा पुलिस में लिया गया। उक्त पिकअप से दो व्यक्ति नाम पता अज्ञात कुछ दूर पहले ही कूदकर भाग गये। जिनको पुलिस टीम द्वारा काफी खोजने का प्रयास किया गया किन्तु कुछ पता नही चल सका। भागे गये व्यक्तियों की तलाश जारी है। पिकअप का रजि0 न0 BR 11 GA 4121 को ई चालान ऐप पर डालकर देखा गया तो वाहन स्वामी अनुज कुमार पुत्र राजकिशोर सिंह निवासी दयालचक बहपुरा पटना -801103 पाया गया। पिकअप की तलाशी ली गयी तो पिकअप से 229 पेटी 8 PM (फ्रूटी) अंग्रेजी शराब व प्रत्येक पेटी में 48 अदद टेट्रा पाउच में 180 ML कुल 1978.56 ली0 व 69 पेटी (आफ्टर डार्क ब्लू) अंग्रेजी शराब प्रत्येक पेटी में 48 अदद शीशी प्लास्टिक की प्रत्येक शीशी में 180 ML कुल 596.16 ली0 कुल 2574.72 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जिसके क्रम में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 149/2025 धारा 60(1)/72 आबकारी अधि0 पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 149/2025 धारा 60(1)/72 आबकारी अधि0 थाना बैरिया जनपद बलिया

बरामदगी का विवरण-

1. 229 पेटी 8 PM (फ्रूटी) अंग्रेजी शराब व प्रत्येक पेटी में 48 अदद टेट्रा पाउच में 180 ML कुल 1978.56 ली0
2. 69 पेटी (आफ्टर डार्क ब्लू) अंग्रेजी शराब प्रत्येक पेटी में 48 अदद शीशी प्लास्टिक की, प्रत्येक शीशी में 180 ML कुल 596.16 ली0
3. 01अदद पिकअप रजि0 न0 BR 11 GA 4121 तथा चेचिस न0 MAT524005GSC02951 इंजन नं0 497SPTC43CTY610677

बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री परमात्मा मिश्र थाना बैरिया जनपद बलिया
2. हे0का0 उमेश कुमार यादव थाना बैरिया जनपद बलिया
3. का0 गिरीश चन्द्र थाना बैरिया जनपद बलिया
4. का0 विनयम् विश्वकर्मा थाना बैरिया जनपद बलिया

सोशल मीडिया सेल
बलिया पुलिस